फार्म नं. ..................................

रसीद क्रं. ..................................

दिनांक ..................................

फार्म का मूल्य रू.500==00

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)

विकास विभाग

# इंस्पायर कैम्प कार्यक्रम के लिये कैटरिंग व्यवस्था हेतु निविदा

## —: निविदा सूचना :—

क्र0 189 /विकास/निसू./2018 रायपुर, दिनांक 19 /07/2018

पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा दिनांक 07/08/2018 से 11/08/2018 तक आयोजित किये जाने वाले इंस्पायर कैम्प कार्यक्रम के लिये कैटरिंग व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्म द्वारा सीलबंद निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा कार्यालय में आवेदन (आयकर प्रमाण पत्र सहित) प्रस्तुत कर रू. 500==00 नगद भुगतान कर विश्वविद्यालय के **विकास विभाग** से कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in से प्राप्त की जा सकती है ।

निविदा को निविदा प्रपत्रों के शर्तों के अधीन निम्नांकित समय सारणी के अनुसार प्रस्तुत करना होगा।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय स्थल -- कार्यालय, विकास विभाग
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि व समय -- 30/07/2018 सायं 05:00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय -- 31/07/2018 सायं 05:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय -- 01/08/2018 अपरान्ह 03:00 बजे

कुलसचिव

फार्म नं. ..................................

रसीद क्रं. ..................................
दिनांक ......................................
फार्म का मूल्य रू.500=00

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)
विकास विभाग

इंस्पायर कैम्प कार्यक्रम के लिये कैटरिंग व्यवस्था हेतु निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है :–

| सं.क. | प्रकृति | संबंधित बिन्दु |
|---|---|---|
| 01 | इंस्पायर कैम्प कार्यक्रम के लिये कैटरिंग व्यवस्था हेतु निविदा प्रस्ताव | |
| 02 | सेवा प्रदान करने की अवधि | कार्यकम की अवधि तक |
| 03 | अमानत राशि | रू.13,000=00 (तेरह हजार मात्र) बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स् चैक / डी0डी0 / के माध्यम से कुलसचिव पं. रविशंकर शुक्ल वि0वि0 के नाम से देय होगा । |
| 04 | निविदा शुल्क | रू.500=00 जो वि0वि0 कोष में देय होगा (नॉन रिफन्डेब्ल राशि) |
| 05 | निविदा कमांक | 189 / विकास / नि.सू. / 2018 रायपुर, दिनांक 19 / 07 / 2018 |
| 06 | निविदा कय करने की अंतिम तिथि | 30 / 07 / 18 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 07 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 31 / 07 / 2018 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 08 | पत्राचार का पता– | कुलसचिव, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, आमानाका जी.ई रोड रायपुर पिन–492010, फोन कमांक 0771–2262540 Website-www.prsu.ac.in |
| 09 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 01 / 08 / 2018 समय अपरान्ह 03:00 बजे |
| 10 | निविदा की अनुमानित लागत | 04=00 लाख |
| 10 | निविदा खुलने का स्थान | प्राक्टर कार्यालय, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) |
| 11 | प्रस्तावित दर की वैधता | कार्यकम की अवधि तक |

टीप– निविदा में होने वाले परिवर्तन की जानकारी विभाग की वेबसाईट www.prsu.ac.in द्वारा ली जा सकती हैं

फार्म नं. ..................................

रसीद क्र. ..................................
दिनांक ..........................................
फार्म का मूल्य रू.500=00

| | | |
|---|---|---|
| | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)<br>विकास विभाग | |

## (क) निविदा नियम, शर्ते एवं पात्रताः–

01. विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले **इंस्पायर कैम्प कार्यक्रम के लिये कैटरिंग व्यवस्था** हेतु अनुमानित निविदा लगभग 04=00 लाख का 3 प्रतिशत अर्थात 13,000=00(रूपये तेरह हजार मात्र) सुरक्षा निधि **(EMD),** कुलसचिव, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम से डिमांड ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य है।

02. निविदाकर्ता फर्म को पंजीकृत फर्म अथवा पंजीकृत कम्पनी अथवा पार्टनरशीप होना अनिवार्य है।संबंधित संस्थान के लिए आवश्यक पंजीयन प्रमाण पत्र का प्रस्तुत्त करना अनिवार्य होगा तथा **PAN, TIN, GST** नंबर संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना होगा (जी.एस.टी. नं. अनिवार्य है)

03. जिन निविदाकर्ताओं को शासन से निविदा में भाग लेने हेतु सुरक्षा निधि से छूट संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त है, तो संलग्न होगा। उन्हे सुरक्षा निधि का बैंक ड्राफ्ट जमा करने से छूट की पात्रता होगी ।

04. निविदाकर्ता को फर्म का पंजीयन कमांक (गुमास्ता प्रमाण पत्र) अनिवार्य रूप से निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।

05. निविदाकार संस्था के पास खान–पान व कैंटीन सेवाओं के लिये छ.ग. खाद्य विभाग से प्राप्त प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाना होगा ।

06. निविदाकार को खाना बनाने अथवा वितरण में तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है । शासकीय क्षेत्र में अनुभवी को प्राथमिकता दी जायेगी ।

07. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा ।

08. यदि निविदाकार किसी भी तरह के अपराधिक कारणों से भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन अथवा किसी भी राज्य सरकार द्वारा किसी नियमों के उल्लंघन करने के कारण प्रतिबंधित है तो वह निविदा करने हेतु अपात्र होगा ।

09. यदि निविदाकार निविदा में उल्लेखित किसी भी तरह के दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है तो उसे निविदा प्रकिया से निरस्त कर दिया जायेगा ।

10. नमूने तथा मापदण्ड के अनुरूप सामग्री प्रदाय न करने की स्थिति में सामग्री स्वीकार नहीं की जावेगी तथा प्रदायकर्ता फर्म को अपने स्वयं के व्यय से वापस ले जाना होगा ।

11. निविदाकारों को निविदा की सामग्री का नमूना पृथक से समिति द्वारा निर्धारित स्थान एवं समय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

12. निविदाकार को कार्यरत होने वाले अपने कर्मचारियों की सूची तथा विवरण प्रस्ततु करना अनिवार्य होगा। निविदाकार को भोजन बनाने एवं वितरण समय उपलब्ध करायी गयी परिक्षेत्र में साफ–सफाई तथा हाईजीन इत्यादि की व्यवस्था साथ ही अपने कर्मचारियों के निर्धारित मास्क/यूनिफार्म/दस्ताना/एप्रोन/**chef hats for kitchen cooking/Name Plate** आदि पहनना अनिवार्य है ।

13. निविदाकार के कर्मचारियों समूह में बाल श्रमिक कार्यरत न हो । श्रम कानून का पालन करना अनिवार्य होगा ।

14. **निविदाकार को निविदा की वस्तुओं का मूल्य तथा लागू कर अंको एवं शब्दों में सुलेख/सुस्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा । उपरीलेखन तथा काट–छाट किये गये निविदा को विचारण क्षेत्र में नहीं रखा जायेगा ।**

15. **शासकीय नियमानुसार देय टेक्स निविदा में स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।**

16. गुणवत्ता अधिकारी द्वारा किसी भी वस्तु का नमूने से कभी भी मिलान कर सकता है प्रदाय सामग्री का रसायनिक परीक्षण करा सकता है त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर गुणवत्ता अधिकारी क्रय आदेश निरस्त करने का अधिकारी होगा एवं अनावश्यक विवाद के स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जावेगी ।

17. **निविदाकार द्वारा निर्धारित समय/स्थान पर सेवा/वस्तु आपूर्ति न कराने की दशा में अमानत राशि राजसात कर ली जायेगी एवं होने वाले हानि की प्रतिपूर्ति भी निविदाकार से की जायेगी एवं कार्यक्रम के अनुसार कुल लागत का 5 प्रतिशत शस्ति स्वरूप काटा/जमा करना होगा ।**

18. **निविदाकर्ता को सामग्री की सुरक्षा का सारा जोखिम उठाना पड़ेगा। कार्य उपरांत सफाई का दायित्व निविदाकार का होगा ।**

19. निविदाकर्ता को स्वयं के व्यय पर सामग्री का परिवहन करना होगा ।

20. **निविदाकार की कोई भी शर्ते मान्य नहीं होगी ।**

21. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र **02 लिफाफें क्रमशः** "अ"(टेक्निकल बीड) एवं "ब" **(फायनेंसियल बीड)** में प्रस्तुत करना होगा, लिफाफा "अ" में टेक्निकल बीड जिसमें दुकान स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र, वाणिज्य कर विभाग के जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर बकाया नहीं प्रमाण पत्र, उक्त कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा **सुरक्षा निधि का डिमांड ड्राफ्ट** जो कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम से देय होगा संलग्न करना अनिवार्य होगा । सुरक्षा निधि से छूट संबंधी प्रमाण पत्र यदि हो तो इसी लिफाफा में संलग्न किया जाय तदानुसार लिफाफे

**के ऊपर लिखा जाएगा।** **लिफाफा "ब"** में फाइनेशल बीड जिसमें प्रत्येक सामग्री की दरें, पृथक–पृथक दर्शित होगी, निविदाकर्ता अपने लेटर हेड में प्रस्तुत करना होगा। **GST** पृथक से दर्शित करना अनिवार्य होगा । **इन दो 'अ' एवं 'ब' लिफाफो को एक लिफाफे जिसमे निविदा प्रपत्र लिखा हो उसे भीतर रखकर प्रस्तुत करना होगा । सर्वप्रथम टेक्निकल बीड वाला लिफाफा 'अ' खोला** जावेगा । आवश्यक दस्तावेज सही पाये जाने पर ही निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत फायनेंसियल बीड वाला लिफाफा 'ब' खोला जावेगा अन्यथा निरस्त कर दिया जाएगा।

22. जिन निविदाकर्ता फर्मों की निविदा अमान्य होगी उनके द्वारा जमा की गयी सुरक्षा निधि का डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दी जाएगी ।

23. **अन्य शर्तें छ.ग. भण्डार क्रय नियमों के अनुसार होगी ।**

24. **खाद्य गुणवत्ता का जॉच नमूना किसी भी स्तर पर किया लिया जा सकता है।** भोजन की गुणवत्ता **खराब होने पर संबंधित संस्था की निविदा निरस्त कर दी जावेगी एवं खराब** भोजन के कारण **संबंधित के बीमार होने की स्थिति में उस पर होने वाले सम्पूर्ण चिकित्सा व्यय** नुकसान की भरपाई **निविदाकार को करना होगा ।**

25. पैक्ड भोजन के पैकिंग एवं खाद्य सामाग्री को भारतीय खाद्य एवं मानक प्राधिकरण के मानक प्रावधानों के अन्तर्गत होना अनिवार्य है। भोजन पकाने हेतु उपयोग में किये जाने वाले तेल, मसाले, नमक एवं अन्य वस्तुओं की गुणवत्ता भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता के आधार पर होगी।

26. 80 व्यक्तियों के लिये एक कांउटर होना अनिवार्य है। कुल आदेश का 10 प्रतिशत व्ही.आई.पी. कांउटर (एक) होना अनिवार्य है जिसमें व्ही.आई.पी. काकरी (बोन चाईना) का उपयोग आवश्यक होगा।

27. पेपर नेपकीन, माउथ फ्रेसनर (सौंफ, मिश्री, इलायची) क्राकरी, टेबल, कुर्सी आदि आवश्यक सामग्रीयों की व्यवस्था केटरर् को करनी होगी । 100 व्यक्तियों के पांच राउंड टेबल (मेट सहित) 25 कुर्सियां (कव्हर सहित) की व्यवस्था करनी होगी। एक काउन्टर पर 02 वेटर होना अनिवार्य है।

28. वॉश बेसिन, कचरे का डिब्बा एवं स्थापन का प्रबंध करना निविदाकार का दायित्व होगा ।

29. भोजन निर्माण के समय एवं कार्यकम उपरान्त शेष खाद्य पदार्थ (बचा हुआ भोजन इत्यादि) को विश्वविद्यालय परिसर अथवा सार्वजनिक स्थल पर न फेककर समूचित निपटारन करना पूर्णतः निविदाकार का दायित्व होगा ।

30. निविदाकार को प्रत्यके स्तर पर स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा ।

फार्म नं. ...................................

रसीद क्रं. ................................

दिनांक ....................................

फार्म का मूल्य रू.500=00

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)**
**विकास विभाग**

31. **खाद्य सामग्री की गुणवत्ता FSSAI के सुरक्षा मानक अनुसार होना चाहिए।**
32. निविदा का चयन निविदा में निर्धारित योग्यता के आधार पर मण्डल द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जावेगा ।
33. चयन समिति द्वारा तकनीकी बीड का प्रस्ताव दिनांक 01/08/2018 को प्राक्टर कार्यालय में खोला जावेगा ।
34. निविदाये उपस्थित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि तथा क्रय समिति के समस्त सदस्यों के सामने खोली जावेगी । अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने का समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।
35. **औसत न्यूनतम दर एवं खाद्य गुणवत्ता को आधार मानकर निविदा पारित किया जावेगी ।**
36. **शासन द्वारा अनुमत्य सामग्रियों का उपयोग किया जावेगा । प्लास्टिक सामग्रियों का उपयोग प्रतिबंधित है।**
37. **निविदाकार का प्रतिवर्ष राशि रू. 15.00लाख का टर्नओवर चार्टड एकाउन्टेंड द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न किया जना अनिवार्य है।**
38. शर्तो का पालन नहीं होने पर अथवा अन्य किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कुलपति जी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा ।
39. निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर डाक के द्वारा कुलसचिव, (विकास) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नाम से प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31/07/2018 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित किया ।

उपरोक्त सभी नियमों एवं शर्तों का अवलोकन कर लिया है सभी नियम एवं शर्ते मुझे मान्य है।

हस्ताक्षर

फर्म का सील मोहर

नाम.................................

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)**
**विकास विभाग**

## (ख) तकनीकी बीड–

संस्था का विवरणः–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | सेवाप्रदाता संस्थान / ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता का नाम | |
| 02 | पूरा पता एवं टेलीफोन कमांक | |
| 03 | पैन कमांक / छायाप्रति संलग्न करे | |
| 04 | वाणिज्य कर विभाग से जीवित पंजीयन | |
| 05 | निविदाकर्ता को फर्म का पंजीयन कमांक (गुमास्ता प्रमाण पत्र) अनिवार्य रूप से निविदा के साथ संलग्न करना होगा । | |
| 06 | निविदाकर्ता फर्म का **PAN,TIN,GST** नंबर संबंधि दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना होगा (जी.एस.टी. नं. अनिवार्य है) | |
| 07 | क्या सेवाप्रदाता संस्थान आई0एस0ओ0 प्रमाणित है? प्रमाण पत्र संलग्न करे | |
| 08 | छ.ग. खाद्य विभाग छ.ग. से प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न करे | |
| 09 | रू.13,000=00 जो बैंक ड्राफ्ट / बैंकर चैक / डी.डी..कमांक लगाना अनिवार्य है । | |
| 10 | क्या निविदाकर्ता ने विगत 03 वर्षो में मूल्य 20=00 लाख से कम नही के समान प्रकृति के खाना बनने एवं वितरण / कैटरिंग का शासकीय / गैर शासकीय संस्थान में अनुभव है तो प्रमाण पत्र संलग्न करे। अनुभवी निविदाकार को वरीयता दी जावेगी । | |
| 11 | कोई यदि आवश्यक जानकारी हो तो, | |
| 12 | निविदाकर्ता विगत 02 वित्तीय वर्षो के इन्कम टैक्स रिटर्न परीक्षा की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करे । | |
| 13 | Black Listed(काली सूची) में न होने का शपथ–पत्र संलग्न करे। | |

## (ग) निविदा जमा करने की प्रकिया–

1. निविदा केवल रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
2. निविदा के संबंधित समस्त दस्तावेज एवं जानकारी वेबसाईट www.prsu.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा शुल्क के रूप में राशि रू.500=00 का भुगतान वि.वि. कोष में नगद / डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है।
4. निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है, शर्तो एवं नियमों का अवलोकन करने के पश्चात् ही निविदा प्रकिया में सलंग्न होवे।

फार्म नं. ..................................

रसीद क्र. ..................................
दिनांक ......................................
फार्म का मूल्य रू.500=00

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)**
**विकास विभाग**

## (घ) खाद्य पदार्थों को टेण्डर के नियमानुसार निम्न शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है:–

1. प्रतिदिन दोपहर एवं रात्रि के भोजन में पापड़, सलाद, अचार, रायता, सूप (टमाटर एवं मिक्स वेज), अनिवार्य रूप देय होगा ।
2. उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का स्टाफ विश्वविद्यालय द्वारा बनायी गयी कमेटी द्वारा निरीक्षण किया जावेगा ।
3. कार्यक्रम में सभी प्रकार के डिस्पोजल एवं प्लास्टिक पूर्णतः वर्जित एवं अमान्य है ।
4. भोजन स्थल पर भोजन बनाने से पूर्व एवं बाद में साफ–सफाई की पूर्णतः जिम्मेदारी आपकी होगी।
5. किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर सुरक्षा राशि एवं टेंडर के समय जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी और उस दिन का भुगतान नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।
6. आपके द्वारा लायी गयी खाद्य सामग्री एवं तैयार भोजन का विश्वविद्यालय के कमेटी/खाद्य विभाग छ.ग. शासन द्वारा निरीक्षण किया जावेगा ।
7. किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर अनुबंध स्वतः समाप्त हो जाएगा ।
8. विवाद की स्थिति होने पर अंतिम निर्णय माननीय कुलपति जी का होगा जो किसी भी न्यायलय में चुनौती योग्य नहीं होगा ।
9. खाद्य सामग्री मिनरल वाटर से बनाया जावेगा तथा पीने के लिए भी मिनरल वाटर के उपयोग किया जावेगा ।
10. बर्तन साफ–सफाई एवं अन्य खाद्य पदार्थ की सफाई हेतु पानी की व्यवस्था विश्वविद्यालय में उपलब्ध श्रोतों से विश्वविद्यालय द्वारा कराया जावेगा ।
11. निविदाकर्ता को सामग्री की सुरक्षा का सारा जोखिम उठाना पड़ेगा ।
12. निविदाकर्ता को स्वयं के व्यय पर सामग्री का परिवहन करना होगा ।
13. डाईनिंग टैबल/चेयर तथा भोजन परोसने की अन्य सामग्री की व्यवस्था फर्म को ही करना है।

हस्ताक्षर – ..................................

फर्म का नाम एवं पता – ..............

..................................

..................................

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)
विकास विभाग

(ङ) फायनेंसियल बीड–

## –: दर–अनुसूची :–

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा सत्र 2018–19 मे आयोजित किये जाने वाले इंस्पायर कैम्प कार्यक्रम के लिये **कैटरिंग व्यवस्था** हेतु हमारे फर्म की दरें निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

01. मेरे/हमारे द्वारा अमानत राशि रूपये .............................. (रू० ...........................................) डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक ...................... दिनांक ....................शाखा ..........................................बैंक के माध्यम से जमा किया गया है, जो इस निविदा–प्रपत्र के साथ संलग्न किया गया है ।
02. मेरे/हमारे द्वारा (वि0वि0 द्वारा जारी संलग्न मेनु अनुसार कैटरिंग व्यवस्था हेतु निम्नानुसार दरें प्रस्तावित है :–

| क्र0 | कैटरिंग व्यवस्था हेतु संलग्न मेनु अनुसार | दर प्रति दिन प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| 1 | | |

टीप :–

1. **खाद्य सामग्री मिनरल वाटर से बनाया जावेगा तथा पीने के लिए भी मिनरल वाटर के उपयोग किया जावेगा ।**
2. **डाईनिंग टैबल/चेयर तथा भोजन परोसने की अन्य सामग्री की व्यवस्था फर्म को ही करना है।**
3. **लगभग 250 छात्र–छात्राओं के लिए भोजन व्यवस्था किया जाना है। उक्त संख्या कम या ज्यादा हो सकता है।**

मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत दरें निविदा के नियम व शर्तों के अनुसार भरी गई है।

हस्ताक्षर – ..........................................

फर्म का नाम एवं पता – ..............
..........................................................
..........................................................

फार्म नं. ....................................

रसीद क्रं. ....................................
दिनांक ....................................
फार्म का मूल्य रू.500=00

| | | |
|---|---|---|
| | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)<br>विकास विभाग | |

**Particulars to be filled by the bidder.**

1. Name of the Bidder:-
2. Complete Address of the Bidder:-
3. Cost of the Tender enclosed: Yes/No [Please √] If yes,
a.) Name of the Bank________________

b.) Amount (`)______________

c.) Demand Draft No. ________________

5. Earnest Money Deposit enclosed: Yes / No [Please √] if Yes,
a.) Name of the Bank________________

b.) Amount (`) ______________

c.) Demand Draft No. ______________

d.) Last Validity date of the enclosed DD _________
6. Communication details of the concerned contact person to whom all references shall be made regarding this tender enquiry.
[NOTE: Any changes after submission of Tender documents kindly update Pt.RSU Raipur ]
a.) Full Name :
b.) Complete Postal Address:
c.) Telephone No.:
d.) Fax No.:
e.) Mobile No.:
f.) E-mail:
g.) Website Address:

Note: - Demand Drafts must be complied with CTS 2010 standards prescribed by Reserve bank of India.

फार्म नं. .....................................

रसीद क्रं. ..................................

दिनांक ........................................

फार्म का मूल्य रू.500=00

| | | |
|---|---|---|
| | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)<br>विकास विभाग | |

**Particulars for refund of EMD to successful/unsuccessful bidder.**

RTGS/National Electronic Fund Transfer (NEFT) Mandate Form

1. Name of the Bidder
2. Permanent Account No (PAN)
3. Particulars of Bank Account

a) Name of the Bank
b) Name of the Branch
c) Branch Code
d) Address
e) City Name
f) Telephone No
g) NEFT/IFSC Code
h) RTGS Code
i) 9 Digit MICR Code appearing on the cheque book
j) Type of Account
k) Account No.
l) Email id of the bidder

Note: - Please attach original cancelled cheque along with the RTGS/National Electronic Fund.

फार्म नं. ......................................

रसीद क्रं. ..................................

दिनांक ......................................

फार्म का मूल्य रू.500=00

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)

विकास विभाग

## मौलिक सामग्री की गुणवत्ता एंव निर्धारित बांड

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आटा | : | आशीर्वाद /पंतजली |
| 2. | तेल | : | सोयाबीन/फार्चुन |
| 3 | घी | : | अनिक/ अमूल |
| 4 | बटर | : | अमूल |
| 5 | नमक | : | टाटा(आयोडीन युक्त) |
| 6 | मसाले | : | एम.डी एच /अवरेस्ट |
| 7 | चावल | : | दूबराज |
| 8 | चवल | : | कालीमूंछ |
| 9 | चावल | : | बासमती |
| 10 | दूध | : | अमूल/देवभोग/वचन |
| 11 | चायपत्ती | : | रेड लेबल/ताज |
| 12 | कॉफी | : | नेस्कैफे/ब्रू |
| 13 | दूध--पाउडर | : | अमूल |
| 14 | पापड़ | : | लिज्जत |
| 15 | कार्नफलेक्स | : | मोहन/केर्लाग |
| 16 | आईसक्रीम | : | डिन्सवां/अमूल |
| 17 | चिकन | : | इंडियन ब्रायलर |
| 18 | ब्रेड | : | ब्रिटानिया/ए–1 |
| 19 | सास(केचअप) | : | किसान/मैगी |
| 20 | मैदा | : | आर्शीवाद |
| 21 | बेसन | : | आर्शीवाद/पतांजली |
| 22 | पनीर | : | देवभोग/वचन/अमूल |

कुलसचिव

| Suggested Menu for INSPIRE Camp, Pt. Ravishankar Shukla University<br>7-11 August. 2018 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Date | **Breakfast**<br>* 8.00-9.00 AM | **Lunch**<br>1.30-2.30 PM | **Dinner**<br>8.00-9.00PM | **Tea/Coffee**<br>11.00-11.30AM<br>4.30-5.00PM |
| **Day 0**<br>**(6th Aug 2018)** | | | Two vegetables Sabzi<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/ Papad/ Pickle<br>Roti/ Naan<br>Ice cream | |
| **Day 1**<br>**(7th Aug 2018)** | **11.00 AM** High Tea<br>( Two Sweets One Namkin) after the Inauguration (300 Boxes) | | | |
| **Day 1**<br>**(7th Aug 2018)** | Bread Butter/Jam<br>Idli-Sambhar<br>Banana<br>Tea | One Seasonal<br>Vegetable Sabzi<br>Paneer Masala<br>Dal Yellow/Fry<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti /Naan<br>Sweets | Two Vegetables Sabzi<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/Nan<br>Ice cream | **11.00-11.30 AM** High Tea<br><br>**4.30-5.00 PM**<br>Two types of biscuits with Tea/Coffee |
| **Day 2**<br>**(8th Aug 2018)** | Bread Butter/Jam<br>Aloo Gunda<br>Apple<br>Tea | Two Vegetable Sabzi<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/Nan<br>Sweets | OneVegetable Sabzi<br>Alu Chhole<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/Nan<br>Ice cream | **11.00-11.30AM**<br>Two types of biscuits with Tea/Coffee<br><br>**4.30-5.00 PM**<br>Bread Pakora/ with tea/coffee |
| **Day 3**<br>**(9th Aug 2018)** | Puri/ Chhole<br>Sambhar Bada<br>Banana<br>Tea | OneVegetable Sabzi<br>Panner Masala<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/papad/Pickle<br>Roti/Nan<br>Sweets | One Vegetable Sabzi<br>Malai Kofta<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/papad<br>Roti/Nan<br>Ice cream | **11.00-11.30 AM**<br>Two types of biscuits with Tea/Coffee<br><br>**4.30-5.00 PM**<br>Bhajia with tea/coffee |
| **Day 4**<br>**(10th Aug 2018)** | Bread Butter/Jam<br>Poha and Jalebi<br>Apple<br>Tea | One Vegetable Sabzi<br>Aloo Dum<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/ Nan<br>Sweets | Two Vegetables Sabzi<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/Nan<br>Ice cream | **11.00-11.30 AM**<br>Two types of biscuits with Tea/Coffee<br><br>**4.30-5.00 PM**<br>Aloo Gunda tea/coffee |
| **Day 5**<br>**(11th Aug 2018)** | Bread Butter/Jam<br>Dosa<br>Mixed Fruits<br>Tea | One Vegetable Sabzi<br>Panir Masala<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/ Nan<br>Sweets | Two Vegetables Sabzi<br>Dal Yellow<br>Rice Plain<br>Raita<br>Salad/Papad/Pickle<br>Roti/ Nan<br>Ice cream | **11.00-11.30 AM**<br>Two types of biscuits with Tea/Coffee<br><br>**4.30-5.00 PM**<br>Veg Cutlate with tea/coffee |
| **Day 5**<br>**(11th Aug 2018)** | **5.30 PM**<br>High Tea ( Two Sweets and One Namkin) After Parents Meeting (300) Boxes) | | | |

You have to Arrange Drinking Water in Auditorium/ Places of their Stay/ Mineral Water for Mentors etc.

Dr. Ma... Kanti Deb 12/7/18
CO-ORDINATOR
INSPIRE INTERNSHIP CAMP
Pt. Ravishankar Shukla University
RAIPUR - 492010
Email-debmanas@yahoo.com